Title: Need to increase berths in Kalindi Express from Mainpuri, U.P. − laid.

श्री बलराम सिंह यादव (मैनपुरी): फरूखाबाद से दिल्ली की कालिन्दी एक्सप्रेस में " मैनपुरी" से 2टायर की एक बोगी या 20/30 सीटों की रिजर्वेशन बर्थ बढ़ाने की मांग यहां के असंख्य मजदूरों, पैसंजरों एवं जनता ने काफी लम्बे समय से की है लेकिन आज तक ये मांग रेलवे ने पूरी नहीं की। कई सांसदों ने भी इस बारे में संबंधित रेल अधिकारियों एवं रेल मंत्री को लिखा है लेकिन अभी तक इस बारे में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बहुत सी संस्थाओं ने भी यह मांग की है।

अतः मेरी मांग है कि कालिन्दी एक्सप्रेस में मैनपुरी के कम से कम 20/30 रिजर्वेशन बर्थ का कोटा किया जाये।